भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
मानव संसाधन (हीप), रानीपुर, हरिद्वार- 249403 (उत्तराखण्ड)

# परिपत्र

मा.सं./भर्ती/ट्रेड अप्रेंटिस/अप्रैल 2020/105 — दिनांक: 04.12.2019

बी.एच.ई.एल. हरिद्वार ईकाई निम्नलिखित अर्हताओं को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों से ट्रेड (आई.टी.आई.) अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण अप्रैल 2020 बैच के लिए आवेदन आमंत्रित करती है :-

| क्र.सं. | ट्रेड | रिक्तियों की संख्या | आयु सीमा (1 अप्रैल 2020 को) एवं छूट | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फिटर | 110 | • न्यूनतम: 18 वर्ष<br>• अधिकतम: सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 27 वर्ष, अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 30 वर्ष एवं अनु. जाति /जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 32 वर्ष<br>• 40% या उससे अधिक शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों (अस्थि बाधित/श्रवण बाधित/दृष्टि बाधित) को अपने वर्ग में अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी। | हाईस्कूल उत्तीर्ण एवं एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वर्ष 2017, 2018 या 2019 में आई.टी.आई. नियमित अभ्यर्थी के रूप में उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगे । वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन तथा इलेक्ट्रॉनिक्स (मैके.) ट्रेड में एस.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वर्ष 2017, 2018 या 2019 में आई.टी.आई. नियमित अभ्यर्थी के रूप में उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। |
| 2 | टर्नर | 30 | | |
| 3 | मशीनिष्ट | 72 | | |
| 4 | वेल्डर | 34 | | |
| 5 | इलेक्ट्रीशियन | 42 | | |
| 6 | ड्राफ्ट्समैन (मैके.) | 03 | | |
| 7 | इलेक्ट्रॉनिक्स (मैके.) | 02 | | |
| 8 | मोटर मैके. वेहिकल | 01 | | |
| 9 | कारपेन्टर | 01 | | |
| 10 | फाऊण्ड्रीमैन | 10 | | |

नोट: ऊपर दी गई रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर इनमें परिवर्तन भी सम्भव है।

## महत्वपूर्ण निर्देश

- प्रशिक्षण अवधि भारत का राजपत्र (The Gazette of India), दिनांक 2 मार्च 2017 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक वर्ष होगी।
- अभ्यर्थियों का NCVT MIS Portal पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। कृपया इसके लिए www.apprenticeship.gov.in या https://ncvtmis.gov.in/ वेबसाइट देखें। NCVT MIS Portal पर पंजीकरण करने के बाद वेबसाइट द्वारा या ईमेल पर प्राप्त पंजीकरण संख्या (Registration No.) का प्रिंटआउट लेकर अवश्य रखें, क्योंकि इसे आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दिया जाता है कि NCVT MIS Portal पर पंजीकरण करते समय सभी विवरण सावधानीपूर्वक चेक अवश्य करें। वे NCVT MIS Portal पर पंजीकरण करने के उपरान्त NCVT MIS Portal पर 'Establishment Search' में जाकर बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में उपलब्ध सीटों के अनुसार अपने ट्रेड हेतु apply भी करें।

**नोट: अभ्यर्थी यह भी ध्यान दें कि जिन्होने पूर्व में NCVT MIS Portal पर पंजीकरण कर दिया है उन्हे दुबारा पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है, किन्तु अपने पंजीकरण संख्या का activation अवश्य जाँच लें। अगर किसी अभ्यर्थी का पंजीकरण deactivate हो गया हो तो वे NCVT MIS Portal के Apprentice Corner में Apprentice Activation लिंक द्वारा Activation कराने के उपरान्त ही हमारे वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें। साथ ही सभी अभ्यर्थियों को वेबसाइट द्वारा या ईमेल पर प्राप्त पंजीकरण संख्या (Registration No.) का प्रिंटआउट, आवेदन पत्र (पावती पत्र) के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। NCVT MIS Portal द्वारा पंजीकरण या अन्य सम्बंधित जानकारी हेतु पोर्टल पर दिए गए सम्पर्क सूत्र से ही सम्पर्क करें, कृपया इस सम्बंध में हमसे कोई पूछताछ न करें।**

- NCVT MIS Portal द्वारा प्राप्त पंजीकरण संख्या (Registration No.), उपरोक्त प्रशिक्षण के लिए बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाइट https://careers.bhelhwr.co.in पर "Engagement of Trade Apprenticeship for April'2020, BHEL Haridwar" के अंतर्गत उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र (APPLY ONLINE) भरते समय आवश्यक है।
- **अभ्यर्थियों के आई.टी.आई. का जिला सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार में नामांकन होना अनिवार्य है, किन्तु टर्नर, मशीनिष्ट तथा फाऊण्ड्रीमैन ट्रेड के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार के अलावा भारत के किसी भी राज्य / जिले के सेवायोजन कार्यालयों में आई.टी.आई. पंजीकृत अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं तथापि जिला सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार में नामांकन वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।**

❖ अनु. जनजाति वर्ग (Scheduled Tribe) के अभ्यर्थी जिनका उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण हो, वे आवेदन कर सकते हैं।

❖ अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों का दिनांक 01.04.2018 से पुराना जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) या जिस जाति प्रमाण पत्र की वैद्यता समाप्त हो चुकी है, मान्य नहीं होगा।

❖ अभ्यर्थियों को NCVT बोर्ड से ही आई.टी.आई. उत्तीर्ण किया होना चाहिए, परन्तु इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स (मैके.) तथा वेल्डर ट्रेड के SCVT बोर्ड से आई.टी.आई. उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र होंगे।

❖ वे अभ्यर्थी जिन्होने आई.टी.आई. व्यक्तिगत अभ्यर्थी के रूप में (as a private candidate) किया है, वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं है।

❖ वर्ष 2017, 2018 या 2019 में आई.टी.आई. उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनको बोर्ड द्वारा अंकपत्र प्राप्त हो गया है, ही आवेदन करने के पात्र होंगे। वे अभ्यर्थी जिन्हे आई.टी.आई. का परीक्षाफल / अंकपत्र बोर्ड द्वारा प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

**<u>नोट:</u> बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक)/कार्यरत कोडेड संविदा श्रमिक के आश्रितों (पति/पत्नी/पुत्र/पुत्रियों) के लिए किसी भी जिला सेवायोजन कार्यालय में नामांकन होना अनिवार्य नहीं है तथा आई.टी.आई. उत्तीर्ण वर्ष में 3 वर्ष तक अतिरिक्त छूट का प्रावधान है, परन्तु NCVT MIS Portal पर पंजीकरण तथा NCVT MIS Portal पर 'Establishment Search' में जाकर बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में उपलब्ध सीटों के अनुसार अपने ट्रेड हेतु apply करना अनिवार्य है।**

❖ अनु. जनजाति व अनु. जाति वर्ग के अभ्यर्थियों का चयन अप्रेंटिस एक्ट के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य के लिए निर्धारित कुल सीटों के क्रमशः 1:3 व 1:6 के अनुपात में होगा। अन्य पिछडा वर्ग एवं शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण उत्तराखण्ड राज्य सरकार के नियमानुसार दिया जाएगा।

❖ वे अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र हैं, जो आई.टी.आई. उत्तीर्ण करने के उपरान्त एक वर्ष या इससे अधिक किसी भी प्रकार के सरकारी/अर्द्धसरकारी/निजी/संविदा अथवा अन्य किसी भी प्रकार के रोजगार में संलग्न नहीं रहे हों तथा आई.टी.आई. करने के उपरान्त अभ्यर्थी ने अन्य किसी भी संस्थान से प्रशिक्षु अधिनियम 1961 के तहत शिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया हो या न तो कर रहा हो। साथ ही अभ्यर्थी किसी पाठ्यक्रम हेतु कोई नियमित कोर्स न कर रहा हो।

<u>वृतिका (Stipend):</u>

सभी चयनित वेल्डर, कारपेन्टर तथा फाऊण्ड्रीमैन ट्रेड के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में रू. 7700/- प्रतिमाह तथा फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स (मैके.), ड्राफ्ट्समैन (मैके.) तथा मोटर मैकेनिक वेहिकल ट्रेड के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में रू. 8050/- प्रतिमाह देय होगा।

<u>स्वास्थ्य:</u>

आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व दिए गए प्रारूप पर सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों की नियुक्ति अप्रेंटिस एक्ट 1961 व समय-समय पर हुए संशोधन द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करती है।

<u>चयन प्रक्रिया:</u>

1. **10 से अधिक रिक्तियों वाले ट्रेड हेतु अभ्यर्थियों का चयन आई.टी.आई. एवं हाईस्कूल में प्राप्त अंकों (आई.टी.आई. अंक प्रतिशत का 70% वेटेज व हाईस्कूल का 30% वेटेज लेते हुए) के मेरिट के आधार पर 1:1.20 के अनुपात में साक्षात्कार द्वारा किया** जाएगा। अभ्यर्थियों का अप्रेंटिस हेतु अंतिम चयन उपरोक्त मेरिट (आई.टी.आई. अंक प्रतिशत का 70% वेटेज व हाईस्कूल का 30% वेटेज लेते हुए) का 70% तथा साक्षात्कार का 30% अंक के आधार पर किया जाएगा।
2. आई.टी.आई. एवं हाईस्कूल के अंकों के भारित औसत (weightage average) के टाई (समान) होने की दशा में, उम्र में वरिष्ठ अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. **जिन ट्रेड में रिक्तियों की संख्या 10 या 10 से कम है, उनके लिए अभ्यर्थियों का चयन उपरोक्त आधार पर सीधे मेरिट बनाते हुए किया जाएगा तथा साक्षात्कार नहीं होगा।**
4. बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक)/कार्यरत कोडेड संविदा श्रमिक के आश्रितों, यदि वे अन्य अर्हताओं को पूरा करते हों, को 1:2 के अनुपात में लेते हुए वरीयता दी जाएगी तथापि यह छूट अनु. जाति/ जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए अनुपात/आरक्षण मानदंडों को पूरा करने के लिए वैधानिक दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए दी जाएगी। साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की सूची तैयार करते समय भी इन मानदंडों को ध्यान में रखा जाएगा।
5. यदि किसी भी ट्रेड में योग्य उम्मीदवारों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से कम या बराबर होती है तो सभी योग्य उम्मीदवारों को सीधे तौर पर नियुक्ति के लिए बुलाया जा सकता है। अंतिम चयन के लिए केवल वे उम्मेदवार हीं माने जाएंगे, जो नियुक्ति हेतु निर्धारित तिथि पर उपस्थित रहेंगे।

नोट: आमंत्रित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता देय नहीं होगा।

- ❖ आवेदन से सम्बंधित किसी भी उचित पूछताछ के लिए दूरभाष संख्या 01334-28-5835 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

<u>आवेदन कैसे करें:</u>

- ❖ उपरोक्त प्रशिक्षण के लिए NCVT MIS Portal पर पंजीकरण करने के उपरान्त, बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाइट https://careers.bhelhwr.co.in द्वारा **<u>"Engagement of Trade Apprenticeship for April'2020, BHEL Haridwar"</u>** के अंतर्गत उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र (APPLY ONLINE) भरें।
- ❖ इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार आवेदन को भरने, जमा करने तथा चयन से सम्बंधित सभी दिशानिर्देशों के लिए दिये गये निर्देशानुसार कार्य करें।
- ❖ **अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपना पूर्ण विवरण जैसे नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, जाति, हाईस्कूल एवं आई.टी.आई. अंक इत्यादि बिल्कुल सही भरें क्योंकि साक्षात्कार सूची बनाने हेतु भरे गए विवरण को ही आधार माना जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी भरने में कोई गलती करता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की ही होगी।**
- ❖ ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र पार्ट 2 में अपना **30 kb तक का .jpg या .jpeg प्रारूप में स्कैन नवीनतम पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो, हाईस्कूल अंकपत्र व प्रमाणपत्र, आई.टी.आई. अंकपत्र, जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो तो), शारीरिक रूप से अक्षमता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो तो) तथा आधार कार्ड** अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- ❖ ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद पावती पत्र (Acknowledgement Slip) एवं **सामान्य निर्देश** में उल्लेखित दस्तावेजों को अंतिम तिथि तक भेजना होगा। अंतिम तिथि के बाद किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार्य होंगे।
- ❖ **वेबसाइट https://careers.bhelhwr.co.in पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरे बिना, फोटो या उपरोक्त दर्शाये गये दस्तावेजों को अपलोड किए बिना या पावती पत्र (Acknowledgement Slip) आवश्यक दस्तावेजों के साथ नहीं जमा करने पर आवेदन अस्वीकार्य होंगे।** इस सम्बंध में बिना भरे अथवा अधूरे आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे।
- ❖ बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरने के उपरान्त ऑनलाइन प्राप्त पावती पत्र (Acknowledgement Slip) का प्रिंट आउट लें तथा **सामान्य निर्देश** में उल्लेखित अन्य दस्तावेजों के साथ लिफाफे में डालकर एवं उसके ऊपर **"ट्रेड अप्रेंटिस प्रशिक्षण अप्रैल 2020 हेतु आवेदन पत्र"** लिख कर दिनांक 27.12.2019 तक निम्नलिखित पते पर **डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से (स्वयं)** जमा करना होगा।

**वरि. उप महाप्रबंधक (मा.सं.)**
**कक्ष संख्या 29, मानव संसाधन विभाग**
**मुख्य प्रशासनिक भवन, बी.एच.ई.एल., हीप**
**रानीपुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) – 249403**

<u>नोट:</u> बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक)/कार्यरत कोडेड संविदा श्रमिक के आश्रितों के लिए पावती पत्र (Acknowledgement Slip) एवं **सामान्य निर्देश** में उल्लेखित दस्तावेजों के साथ **"Form for Employee Ward"** भी जमा करना होगा।

<u>सामान्य निर्देश:</u>

- ❖ अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अनिवार्य योग्यता धारण करते हैं। यदि चयन के किसी भी चरण में या चयन के उपरान्त यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता है एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य एवं संलग्न दस्तावेज सत्य एवं सही नहीं हैं तो आवेदक की उम्मीदवारी/नियुक्ति किसी भी समय बिना किसी कारण बताए निरस्त की जा सकती है।
- ❖ **अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन के पार्ट 2 में संलग्न करना होगा अन्यथा उनका आवेदन निरस्त माना जाएगा :**

1. हाईस्कूल अंकपत्र,
2. आई.टी.आई. कंसोलिडेटेड अंकपत्र (कंसोलिडेटेड नहीं होने की दशा में सभी सेस्टर के अंकपत्रों को एक साथ स्कैन करते हुए),
3. आधार कार्ड,
4. जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो),
5. शारीरिक रूप से अक्षमता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।

- ❖ ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात सभी अभ्यर्थियों को अपने निम्न दस्तावेजों की स्वप्रमाणित (self-attested) छायाप्रति पावती पत्र के साथ संलग्न करके **दिनांक 27.12.2019 तक डाक द्वारा / व्यक्तिगत रूप से** जमा करना होगा :
  1. NCVT MIS Portal द्वारा पंजीकरण के उपरान्त वेबसाइट द्वारा प्राप्त (पंजीकरण करने के उपरान्त पोर्टल द्वारा एक pop-up message आता है जिसमें पंजीकरण संख्या अंकित होता है) या ईमेल पर प्राप्त पंजीकरण संख्या सम्बंधी साक्ष्य।
  2. सेवायोजन कार्यालय का पंजीकरण प्रमाण पत्र।
  3. पूर्णतया भरा हुआ Form for Employee Ward **[केवल बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) / कार्यरत कोडेड संविदा श्रमिक के आश्रितों के लिए लागू ]**
- ❖ प्रबंधन के पास बिना कोई कारण दिए चयन प्रक्रिया के संशोधन / पुनर्निर्धारण / निरस्त / निलंबन करने का अधिकार है। प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इस सम्बंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।
- ❖ इस परिपत्र के फलस्वरूप अथवा परिपत्र के संदर्भ में आवेदन के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद के लिए प्रार्थना पत्र देने की प्रक्रिया केवल हरिद्वार में शुरू की जा सकती है तथा न्यायालय / ट्रिब्युनल / फोरम हरिद्वार के पास इस सम्बंध में कारण / विवाद की जाँच करने का एकल तथा विशेष न्यायाधिकार होगा।
- ❖ किसी ट्रेड में किसी भी अवस्था में यदि योग्य अभ्यर्थियों की संख्या, रिक्तियों से कम या बराबर रहती है तो सभी योग्य अभ्यर्थियों को, यदि वे अन्य अर्हतायें पूरी करते हैं, मेरिट में छूट प्रदान करते हुए क्रमशः ज्वाइनिंग के लिए बुलाया जा सकता है।
- ❖ चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा।
- ❖ अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में अपने रहने, खाने एवं ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
- ❖ अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अप्रेंटिस प्रशिक्षण की अवधि केवल एक वर्ष की होगी। बी.एच.ई.एल. हरिद्वार में प्रशिक्षण के उपरान्त अभ्यर्थियों का इस प्रशिक्षण को आधार मानकर बी.एच.ई.एल. में किसी प्रकार के रोजगार की दावेदारी का कोई अधिकार नहीं होगा।
- ❖ इस प्रक्रिया से सम्बंधित कोई भी शुद्धि / परिवर्तन / अपडेट केवल बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाइट https://careers.bhelhwr.co.in पर उपलब्ध होगा। अलग से कोई सूचना किसी भी समाचार पत्र या किसी अन्य माध्यम से नहीं दी जाएगी।
- ❖ अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि चयन प्रक्रिया से सम्बंधित जानकारी के लिए उपरोक्त वेबसाइट नियमित देखते रहें।

**<u>महत्वपूर्ण तिथियाँ (सम्भावित):</u>**

| | |
|---|---|
| (क) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु आरम्भिक तिथि : | 05.12.2019 |
| (ख) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि : | 19.12.2019 |
| (ग) पावती पत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति जमा करने की अंतिम तिथि : | 27.12.2019 |
| (घ) साक्षात्कार की सूची घोषणा करने की तिथि : | 15.02.2020 |
| (ङ) साक्षात्कार की तिथियाँ : | 19 से 26.02.2020 |
| (च) अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची घोषणा करने की तिथि : | 03.03.2020 |
| (छ) ज्वाइनिंग हेतु रिपोर्ट करने की तिथियाँ : | 27 मार्च से 11 अप्रैल 2020 |

04/12/2019

**वरि. उप महाप्रबंधक (मा.सं)**

वितरण :

1. **जिला सेवायोजन अधिकारी हरिद्वार / कालसी देहरादून** } **सादर सूचनार्थ।**
2. **हरिद्वार नेट**
3. **Regional Director, Regional Directorate of Skill Development & Entrepreneurship (RDSDE) Directorate General of Training, Ministry of Skill Development & Entrepreneurship National Skill Training Institute (W) Campus, Majra, Green park, Niranjanpur, Dehradun (Uttrakhand) – 248171 – सादर सूचनार्थ।**
4. **समस्त सूचना पट्ट।**

प्रतिलिपि:

1. **कार्यलापक निदेशक (हीप) के स्टाफ अधिकारी : कार्यलापक निदेशक (हीप) के सादर सूचनार्थ।**
2. **कार्यलापक निदेशक (सीएफएफपी) के के स्टाफ अधिकारी : कार्यलापक निदेशक (सीएफएफपी) के सादर सूचनार्थ।**
3. **महाप्रबंधक (मा.सं. एवं न.प्र.)** } **सादर सूचनार्थ।**
4. **समस्त डीआरओ**